नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में "संविधान दिवस का आयोजन"

जबलपुर। विगत दिवस आज दिनांक 26 नवम्बर 2019 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के कुलपति सभागार में "संविधान दिवस का आयोजन" का आयोजन हुआ। भारत वर्ष में प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता हैं, यह दिवस भारतीय संविधान के जनक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को याद और सम्मानित करने के लिये मनाया जाता है, वर्ष 1950 में लागू भारतीय संविधान में नागरिकों के केवल मूल अधिकारों का ही उल्लेख किया गया था, मूल कर्तव्यों का नहीं, परंतु 1976 में सविधान में 42 वां संशोधन करते समय संविधान के चतुर्थ भाग के बाद भाग चतुर्थ "क" जोडा गया, जिसमें नागरिकों के मूल कर्तव्यों की व्यवस्था की गई। इन्हीं मूल कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने की हेतु इस वर्ष का "संविधान दिवस" आधारित था। इसी को दृष्टिगत रखते हुये यह आयोजन मुख्य अतिथि माननीय डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी, कुलपति ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर के कुशल मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित हुआ। साथ ही कुलपति जी ने अपने उद्‌बोधन में यह कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ साथ अपने मूल कर्तव्यों का भी ज्ञान होना आवश्यक हैं, और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये, कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ पालन करें। कार्यक्रम में अधिष्ठाता संकाय डॉ. शिवनदन सिंह परमार ने भी मूल कर्तव्यों के विषय पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. वाय.पी. साहनी, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता प.चि.महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा एवं समस्त अधिकारीगण व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

सूचना एव जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)